Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- भरतपुर में तुलाराम पटवारी, हल्का चक नम्बर 3, भरतपुर जिला भरतपुर 4,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 23 अप्रेल, बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी धौलपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री तुलाराम, पटवारी हल्का चक नम्बर 3 भरतपुर जिला भरतपुर **4,000/– रूपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी धौलपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली की आरोपी द्वारा परिवादी के मकान के हैसियत प्रमाण–पत्र के प्रार्थना–पत्र पर रिपोर्ट करने की एवज में 5,000 रूपये मांग करके परेशान कर रहा है इस पर रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन कराया गया दौराने सत्यापन परिवादी के निवेदन करने पर 4,000/– रूपये रिश्वत लेने पर सहमत हुआ।

जिस पर एसीबी रेंज भरतपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी धौलपुर के **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्र कुमार** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री तुलाराम, पटवारी हल्का चक नम्बर 3, भरतपुर जिला भरतपुर को 4,000/– रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया हैं एवं 4000/– रूपये रिश्वत राशि बरामद हो चुकी है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।